ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -६

हिन्दी

पाठ - 6

हमारे प्रेरणा के स्रोत- डॉ अब्दुल कलाम

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

भाषा ज्ञान

1. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं; जैसे–

(क) एक दिन बकरी बाड़े से भागी। (ख) रमेश पुस्तक पढ़ता है।

कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं–

(क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया

(क) **अकर्मक क्रिया–** अकर्मक वे क्रियाएँ हैं जिनके साथ कर्म न लगे तथा क्रिया क व्यापार और परिणाम दोनों कर्ता में रहें; जैसे–

- सोहन हँस रहा है।
- सीता सो रही है।
- आम मीठा है।

इन वाक्यों में क्रमशः सोहन, सीता व आम कर्ता हैं। हँस रहा है, सो रही है तथा क्रिया है।

(ख) **सकर्मक क्रिया–** सकर्मक वे क्रियाएँ हैं जिनके साथ कर्म लगे तथा क्रिया का प्रभा कर्म पर पड़े; जैसे–

- कमला ने खाना खाया।
- सीता गीत गा रही है।
- माँ ने चाय बनाई।

विशेष– क्रिया के साथ क्यों, किस और किसको प्रश्न जोड़े जाने पर यदि उचित उत्त मिले तो क्रिया सकर्मक होती है और यदि उत्तर न मिले तो अकर्मक।

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए क्रिया शब्दों के सही रूप चुनकर कीजिए–

(क) करुणा का उपहार इन्हें विरासत में ....।

(*i*) मिलता (*ii*) मिला था (*iii*) मिलेगा (*iv*) मिलता रहेगा

(ख) कलाम ने जाति-भेद को अपने से दूर ....।

(*i*) रखना है (*ii*) रखना सोचा (*iii*) रख दिया (*iv*) रखा था

(ग) अब्दुल कलाम महान वैज्ञानिक ....।

(*i*) हुए (*ii*) थे (*iii*) होते (*iv*) बनेंगे

(घ) रामायण और मुहम्मद पैगंबर के किस्से .... थे।

(*i*) सुने (*ii*) सुनने (*iii*) सुनी (*iv*) सुनना

(ङ) कलाम जी सदा हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत ....।

(*i*) होते हैं। (*ii*) थे (*iii*) रहेंगे (*iv*) रहते हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

2. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

(क) श्रद्धा – बड़ों के प्रति मन में श्रद्धा होनी चाहिए।

(ख) समर्पित – ....

(ग) महानता – ....

(घ) सम्मानित – ....

(ङ) मानवता – ....

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

(ख) **समर्पित** – मीराबाई ने अपने आपको श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित कर दिया।

(ग) **महानता** – प्रतिभाशाली और प्रतिष्ठित व्यक्तियों में सादगी की महानता पाई जाती है।

(घ) **सम्मानित** – भारत सरकार ने डॉ० अब्दुल कलाम को 'पद्म विभूषण' तथा 'भारत रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया।

(ङ) **मानवता** – विश्व के अधिकांश देश मानवता की दुहाई देकर आतंकवाद को रोकने की कोशिश में लगे हुए हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP